**Title: Need for CBI inquiry into the alleged harassment of allottees of Petrol Pump and Gas Agency by the mafias in Gujarat.**

**श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) :** उपाध्यक्ष महोदय, गुजरात के अंदर भारत सरकार ने पम्प सलेक्शन बोर्ड द्वारा पेट्रोल पम्प आबंटन करने की नीति अपनाई है। उस चयन बोर्ड में भूतपूर्व जज और ऑयल कम्पनी के अधिकारी होते हैं। लेकिन जिनका चयन के दौरान नाम आता है, उन्हें पम्प आबंटित नहीं किए जाए। इसके लिए गुजरात में दो नम्बर के पम्प चलाने वाले माफिया ग्रुप हैं। उनके साथ कुछ वकील और अधिकारी भी मिले हुए हैं। ये लोग मिलकर कानून को बीच में लाकर वास्तविक आबंटियों को रोक रहे हैं और उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। जो केयर टेकर कहलाते हैं, पम्प चला रहे हैं, वे पेट्रोल में सोलवेंट इत्यादि की मिलावट करके बेच रहे हैं। इससे जनता को भी नुक्सान हो रहा है, आर्थिक नुक्सान भी हो रहा है और सामाजिक नुक्सान भी हो रहा है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि सी.बी.आई. के द्वारा इसकी जांच कराई जाए और जो माफिया गिरोह कोर्ट में जाकर कोर्ट का भी समय बर्बाद कर रहे हैं, अनुसूचित जाति, जनजाति और जनरल केटेगरी के पात्र लोगों को भी परेशान कर रहे हैं, उन्हें ढूंढ़कर उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए तथा चयनित लोगों को उचित न्याय दिलाया जाए।